# 10 अंदाज अपना-अपना

किसी भी विषय के सम्बन्ध में तर्कपूर्ण सोचना या चिंतन करना, मनन करते हुए अपनी बात को प्रगट करना तार्किक चिंतन कहलाता है। तार्किक चिंतन वैज्ञानिक अभिगम पर आधारित व्यक्ति की सोच-विचार करने की मानसिक प्रक्रिया है। इस मुक्त चिंतन में व्यक्ति अपने जीवन के अनुभव, मान्यताएँ और दृष्टिकोण का उपयोग माहिती का पृथक्करण करने के लिए करता है और माहिती की सत्यता तक पहुँच कर निर्णय लेता है।

प्रस्तुत इकाई में तार्किक चिंतन के बहु आयामी सोच का विकास-विस्तार हो, ऐसे वैविध्यपूर्ण कुछ अभ्यास रखे गए हैं।

## दिमागी दौड़



भावेशभाई वकील हैं। वह अपनी पत्नी लीना और पुत्र व्रज के साथ सुरत में रहते हैं। छोटा परिवार, सुख का आधार होता है। उनका जीवन भी खुशहाल था। एक बार दीपावली की छुट्टियों में वे तीनों अंबाजी गए। चार दिन बाद वापस आकर देखा तो चौंक गए। उन्होंने देखा कि घर के बाहर जो बगीचा है, उसके पेड़-पौधों के कई फूल-पत्ते झड़ गए हैं। घर के अन्दर जाकर देखा तो पूरा कमरा धूल से खराब हो गया था। दीवार पर की लीना और व्रज की तसवीरें भी नीचे गिर गई थीं और टूट गई थीं।

**नन्हें मुन्ने बच्चो! ऐसा क्यों हुआ होगा? वे समझ नहीं पाए। आप बड़े अक्लमंद है, आप ही उन्हें बताइए।**

◆

परेशभाई किसान हैं। उनकी पत्नी हीरलबहन नर्स है। एक दिन सुबह-सुबह हीरलबहन ने पानी के नल के नीचे जल्दबाजी में एक मटका रखा। बाद में नल चालू किया और रसोईघर में चाय बनाने चली गई। चाय बनाने के बाद जब वापस आकर देखा तो मटका खाली था। उसमें पानी नहीं था। हीरलबहन अपने आप पर हँसने लगी।

**मेरे समझदार दोस्त, अब आप ही बताइए कि ऐसा क्यों हुआ होगा?**

◆

सेजल दो गमले लाई। उनमें तुलसी के पौधे थे। दोनों पौधे लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई में एक समान ही थे। एक महीने के बाद दूसरे गमले का पौधा बड़ा हो गया, जबकि पहले गमले का पौधा अब भी इतना ही था, जितना एक महीना पहले।

**मेरे भोले-भोले भेजाबाज दोस्त! ऐसा कैसे हुआ होगा? आप ही बताइए।**

◆

## तर्क की लगाम, कल्पना के घोड़े

आप साइकिल पर स्कूल जा रहे हैं। रास्ते में देखा तो एक आदमी हाथ हिलाकर आपको रुकने का इशारा कर रहा था। आप रुके। उसने कहा कि बगलवाले गाँव में मेरा जाना जरूरी है। आपने उस आदमी को साइकिल पर बिठाया और पासवाले गाँव तक पहुँचाया। वहाँ जाकर आपको पता चला कि वहाँ एक जादूगर का कार्यक्रम होनेवाला है और वह आदमी उसका सहायक है। उस आदमी ने आपको जादू के खेल देखने का अनुरोध किया, पर पाठशाला पहुँचने में देरी हो जाएगी, यह सोचकर आपने मना कर दिया। उस आदमी ने सारी बात जादूगर को बताई। जादूगर ने खुश होकर आपको एक 'करामाती चश्मे' दिए और कहा कि, 'इसे पहनने से तुम सब को देख पाओगे और कुछ भी कर पाओगे, तुम्हें कोई देख नहीं पाएगा।' इसका असर एक हफ्ते तक रहेगा।



आप चश्मा लेकर वापस अपने गाँव की पाठशाला में आए। वहाँ से घर गए। दूसरे रोज़ नहा-धोकर आईने के सामने आपने चश्मे पहने। आईने में देखा तो सचमुच आप गायब हो चुके थे।

**अब आप हमें बताइए कि आप कहाँ-कहाँ जाएँगे और क्या-क्या करेंगे।**

◆

पूरे दिन की पढ़ाई और खेल-कूद के बाद रात को आपकी आँख लग गई। नींद में आपने एक सपना देखा। आप घूमते-घूमते बहुत दूर निकल गए। आप नदी-पहाड़ों के अद्‌भुत सौंदर्य में लीन हो गए। आपको पता भी न चला और आप चलते-चलते जंगल में पहुँच गए। यकायक आपके सामने एक शेर आ गया। शेर को देखकर आपको होश आया। आप घबरा गए। मारे डर के आँखें बंद कर दीं। आपने ईश्वर को याद किया और कहा, ''काश! मेरे पास पंछी की तरह पंख होते तो...!'' तभी चमत्कार हुआ और आप के हाथ की जगह पंख ऊग आए। आप उड़कर वापस घर आए। आप बड़े खुश थे – जान भी बची और पंख भी मिल गए। सपना टूटा। आपने नींद से आँखे खोली। आपने पाया कि आपको हकीकत में हाथों की जगह पँख मिल गए हैं।

**मेरे परिन्दे दोस्त! अब बताइए कि आप कहाँ-कहाँ जाएँगे और क्या-क्या देखेंगे?**

◆

इस बार आपकी मजेदार और अनोखी कसौटी होनेवाली है। एक बड़ा जहाज़ आपको निर्जन द्वीप पर ले जानेवाला है। वहाँ केवल मिट्टी, कंकड़-पत्थर, पहाड़ और समुद्री पानी ही है। मेरे बुद्धिमान दोस्त! वहाँ एक हफ्ते तक सुख-चैन से रहने के लिए आप अपने साथ क्या-क्या ले जाएँगे - सूची बनाइए।

◆

## मैं क्यों मानू ?

कुछ विज्ञापन में प्रकाशित खास विधानों को गौर से पढ़िए और उस पर वाद-विवाद कीजिए।



(1) अब नए पैक में!

(2) शौक बड़ी चीज़ है!

(3) पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें!

(4) यहाँ पेट्रोल ही नहीं, विश्वास भी मिलता है!

(5) हम सिर्फ गहने ही नहीं बनाते, रिश्ते भी बनाते हैं!

(6) पकाते हैं रसोई, परोसते हैं प्यार!


## अंदाज अपना-अपना

मेरे होनहार दोस्त! अब आप भाषा की पृष्ठभूमि पर कुछ खेल खेलनेवाले हैं। उदाहरण देखते जाइए और खेलते रहिए :



- **शब्द सीढ़ियाँ पूर्ण कीजिए :**

(1) (2)



- **दिए गए वर्णों का उपयोग कर, शब्द बनाइए :**

  वर्ण – | म | र | क | न | य |

  **उदाहरण :** मकान, नया, नामुमकिन

- **दिए गए शब्द में से एक-एक शब्द हटाते जाइए और सार्थक शब्द बनाइए और उसका अर्थ लिखिए :**

  **उदाहरण :** भूचाल – भूकंप
  भूल – खामी, गलती
  भू – भूमि

  (1) दोराहा (2) आराम (3) भारत (4) विवाद

- **दिए गए वाक्य में से शब्द चुनकर, नए वाक्य बनाइए :**

  **काजल ने देखा कि बिल्ली कुर्सी के नीचे बैठकर रोटी खा रही है।**

  **उदाहरण :** (1) बिल्ली कुर्सी के नीचे है। (2) काजल नीचे बैठकर रोटी खा रही है।

- **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़िए और रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर परिच्छेद फिर से लिखिए :**

  लड़के ने कहा, ''मैं तुम्हें अपने बचपन की घटना सुनाता हूँ। एक बार मैं जोश में आ गया और एक हिरन का कान तोड़ दिया। फिर घोड़ी की पूँछ इतनी जोर से खींची की उखड़ गई। बाद में मैंने मोर की गरदन मरोड़ दी और शेर का मुँह खोलकर उसके दाँत तोड़ दिए। आपको यकीन नहीं होता? घटना बिलकुल सच है। आगे सुनिए आपको विश्वास हो जाएगा। मैंने जैसे ही हाथी की सूंड़ पर हाथ रखा कि दुकानदार ने मुझे दो थप्पड़ मारे और हाथ खींचकर मुझे खिलौने की दुकान से बहार निकाल दिया।''

## योग्यता विस्तार

- एक व्यक्ति एक संत के पास गया। उसने संत से पूछा, ''मैं परमात्मा के किस स्वरूप का स्मरण करूँ? बताइए।'' संत ने उसे नाम न देकर, निम्नलिखित पहेली कही।
  आप बताइए कि संत ने किसका स्मरण करने को कहा होगा?

  अजा सहेली ता रिपु, उस जननी भरथार।
  उस पुत्र के मित्र को, भज ले बारबार॥

  [अजा – बकरी, रिपु – शत्रु, भरथार – पति]
- टी.वी. पर प्रदर्शित विज्ञापन आदि देखिए और उसके खास विधानों पर अपने साथियों के साथ चर्चा कीजिए :
- 'यदि आप गाँव के सरपंच बने तो...!' विषय पर अपने साथियों से चर्चा कीजिए एवं लिखिए।